06/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पीएम-आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC) के सदस्यों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री और EAC ने वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि को और बढ़ाने के लिए कई विचारों और उपायों पर चर्चा की। इस बीच **'ईज़ ऑफ़ लिविंग'** और **'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस'** में सुधार के लिए कई उपायों पर भी बातचीत हुई। सदस्यों ने भारत और दुनिया पर पश्चिम एशिया के संघर्ष के असर के बारे में भी अपना आकलन पेश किया।

0000000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि ऐसे समय में जब कई देश आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज सात दशमलव सात प्रतिशत की GDP विकास दर का ज़िक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले बारह वर्षों में बनी भारतीय अर्थव्यवस्था की मज़बूती और क्षमता को दर्शाता है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाईक ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी और परिचालन तैयारियों को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया है। उन्होंने शिलांग में असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। राज्यपाल ने बदलती सुरक्षा चुनौतियों का उल्लेख करते हुए जवानों को हर समय सतर्क रहने पर बल दिया तथा सीमा बाड़बंदी कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रभावी सीमा प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में असम राइफल्स की भूमिका की सराहना की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाईक ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जैव विविधता और विशिष्ट पहचान को प्रदर्शित करने वाली स्मारक डाक टिकटों की श्रृंखला जारी करने के प्रस्ताव का स्वागत किया है। इस प्रस्ताव पर शिलांग में नोर्थ ईस्ट सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ब्रजेश कुमार के साथ हुई बैठक में चर्चा की गई। प्रस्तावित विषयों में जनजातीय समुदायों और उनकी परंपराएँ, विरासत स्थल, वनस्पति एवं जीव-जंतु, GI टैग प्राप्त उत्पाद तथा पारंपरिक हस्तशिल्प शामिल हैं।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उपमुख्यमंत्री चौन मेन एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ आज भारतीय जनता पार्टी, अरुणाचल प्रदेश द्वारा चिम्पू स्थित सरकारी माध्यमिक विद्यालय में आयोजित "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल साल में एक बार होने वाली गतिविधि नहीं, बल्कि जीवनभर का मिशन बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पेड़ स्वच्छ हवा, स्वस्थ पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य में योगदान देगा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के बागवानी विभाग ने वैज्ञानिक सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सतत बागवानी विकास को मजबूत करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित CSIR हिमालयी जैव संसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान (CSIR-IHBT) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर बागवानी निदेशक तोबोम बाम और CSIR-IHBT के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने अरुणाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू और सचिव कोज रिन्या की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। श्री वांगसू ने कहा कि इस साझेदारी से समयबद्ध कार्ययोजना के माध्यम से ठोस परिणाम मिलने चाहिए।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के अट्ठारह जिलों ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, कामले, क्रा दादी, सियाङ, अपर सियाङ, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, दिबाङ वैली, लोअर दिबाङ वैली, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड- CBSE ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात जून कर दी है। CBSE ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब कल मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह जून निर्धारित थी। सीबीएसई ने सभी पात्र छात्रों से बढ़ी हुई समय-सीमा का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

0000000000000000000000000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड - BCCI ने इंग्लैंड और आयरलैंड के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है।

श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह टीम का कप्तान बनाया गया है। तिलक वर्मा उप-कप्तान होंगे। वैभव सूर्यवंशी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। वैभव ने IPL 2026 में सर्वोच्च रन बनाए थे। प्रिंस यादव को भी टीम में जगह मिली है।

0000000000000000000000000

नशा विरोधी अभियान के तहत वेस्ट कामेंग जिले के बालेमू में गुरुवार को लगभग चौदह करोड़ पचपन्न लाख रुपये मूल्य के दो हज़ार नौ सौ ग्यारह दशमलव आठ दो एक किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई वेस्ट कामेंग पुलिस ने सहयोगी एजेंसियों के साथ मिलकर बोमदिला के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश के अनुसार किया गया।

0000000000000000000000000